बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

का०आ०–01 / स्था०राज–355 / 2025– 2039 **पटना, दिनांक–** 23 **अक्टूबर, 2026**

कार्यालय आदेश

श्री प्रागेन्द्र गर्ग, सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी के पत्रांक–305 दिनांक–10.08.2026 के द्वारा मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या–35 / 25 दिनांक–31.12.2025 की परीक्षा का आवेदन करने एवं सम्मलित होने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

विभागीय पत्रांक–1684 दिनांक–01.09.2026 द्वारा श्री गर्ग के सरकारी सेवा में आने के उपरांत अब तक उनके द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा में आवेदन एवं भाग लेने हेतु कितनी बार अनापत्ति प्रमाण पत्र किया गया और परीक्षा में कब–कब सम्मिलित हुए इसकी सूचना मांग की गई।

श्री प्रागेन्द्र गर्ग, सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी के पत्रांक–338 दिनांक–05.09.2026 के द्वारा सूचित किया गया है कि सरकारी सेवा में आने के उपरांत किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा में आवेदन करने एवं भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार का अनापत्ति प्रमाण पत्र का मांग नहीं किया गया है। उनके द्वारा पहली बार आवेदन किया गया है।

अतएव सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का संकल्प संख्या–22218 दिनांक–12.10.2022 के कंडिका–7(क) में सन्निहित प्रावधान के आलोक में श्री प्रागेन्द्र गर्ग, सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या–35 / 25 की परीक्षा में आवेदन करने एवं सम्मलित होने हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

2. उपर्युक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

Rare. 22/10/26.
(राजीव रंजन)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–01 / स्था०राज–355 / 2025– 2039 **पटना, दिनांक–** 23 **अक्टूबर, 2026**

प्रतिलिपिः– श्री प्रागेन्द्र गर्ग, सहायक निदेशक, ईख विकास, मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rare. 22/10/26.
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–01 / स्था०राज–355 / 2025– 2039 **पटना, दिनांक–** 23 **अक्टूबर, 2026**

प्रतिलिपिः– सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / ईखायुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rare. 22/10/26.
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–01 / स्था०राज–355 / 2025– 2039 **पटना, दिनांक–** 23 **अक्टूबर, 2026**

प्रतिलिपिः– आई०टी० प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Rare. 22/10/26.
सरकार के अवर सचिव।